# तू खाटू बुलाता रहे और मैं आता रहूं भजन लिरिक्स

तू खाटू बुलाता रहे,
और मैं आता रहूं।

दोहा – खयाल जब भी तुम्हारा,
मेरे श्याम आए,
कपकपाते हुए लब पर,
तुम्हारा नाम आए,
जब कभी जिक्र तेरा सुनकर,
आँख भर आए,
तेरी तस्वीर से लिपटकर,
मुझे आराम आए।

---

ओ बाबा इतनी कृपा मैं,
तेरी पाता रहूं,
तू खाटू बुलाता रहे,
और मैं आता रहूं।bd।

तर्ज – हे भोले शंकर पधारो।

---

भाने लगी है तेरे,
दर की गलियां,
तुम्हारे दरश से खिले,
मन की कलियाँ,
ओ बाबा दीदार तेरा,
यूँ ही पाता रहूं,
तू खाटू बुलाता रहें,
और मैं आता रहूं।bd।

---

जबसे तेरी चौखट पे,
सर ये झुका है,
तब से मेरा कोई,
काम ना रुका है,
ओ बाबा सर यूँ ही,
दर पे मैं झुकाता रहूं,
तू खाटू बुलाता रहें,
और मैं आता रहूं।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तू दे रहा है,
मुझे दाना पानी,
तेरा शुक्रिया 'माधव',
तेरी मेहरबानी,
ओ बाबा तेरा दिया ही,
बस मैं खाता रहूं,
तू खाटू बुलाता रहें,
और मैं आता रहूं।bd।

---

ओ बाबा इतनी कृपा मैं,
तेरी पाता रहूं,
तू खाटू बुलाता रहें,
और मैं आता रहूं।bd।

**Singer – Reshmi Sharma**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com